भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

डॉ. गुरूप्रसाद महापात्रा, भा.प्र.से., ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष का कार्यभार सँभाला

डॉ. गुरूप्रसाद महापात्रा, भारत सरकार के अपर सचिव स्तर के गुजरात कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी (1986 बैच), ने आज दिनांक 19 जुलाई, 2016 को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष पद का कार्यभार सँभाल लिया ।

उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र, शहरी विकास एवं उद्योग क्षेत्र में व्यापक रूप से कार्य किया है । ऊर्जा क्षेत्र में उन्होंने बहुत सुधार किए हैं तथा पूर्व के गुजरात इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड की अनेक वाणिज्यिक संस्थाओं के रूप में पुनर्संरचना की । कैमिकल एवं फर्टिलाइजर क्षेत्र का उन्हें गहन अनुभव प्राप्त है क्योंकि वे गुजरात एल्कलीज एंड कैमिकल लि. (जी ए सी एल) एवं गुजरात नर्मदा वैली फर्टिलाइजर्स कंपनी लि. (जी एन एफ सी) के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य कर चुके हैं ।

वर्ष 1999 से 2002 तक उन्होंने सूरत के आयुक्त (महानगर पालिका) के रूप में कार्य किया तथा इस दौरान सूरत को शहरी गवर्नेंस के एक आदर्श नमूने के रूप में परिवर्तित करने में सक्रिय भूमिका निभाई । यहाँ उन्होंने मुख्य रूप से ठोस कचरा प्रबंधन, गुणवत्तापूर्ण बुनियादी सुविधाओं एवं मजबूत वित्तीय प्रबंधन पर जोर दिया । उन्होंने अहमदाबाद में भी 3 साल से अधिक समय तक आयुक्त (महानगर पालिका) के पद पर कार्य किया और इस दौरान साबरमती रिवर फ्रंट, बीआरटीएस, कंकरिया लेकफ्रंट एवं हेरिटेज प्रमोशन जैसी प्रतिष्ठित परियोजनाओं को विकसित करने में उनकी प्रमुख भूमिका रही ।

भाविप्रा में कार्यभार ग्रहण करने से पहले उन्होंने भारत सरकार के वाणिज्य विभाग में संयुक्त सचिव के रूप में कार्य किया है ।

....

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत विवरण के लिए संपर्क करें:
महाप्रबंधक (ज.सं.) 011-24622787, 9811521881

सं. 23/2016-17

डॉ. गुरूप्रसाद महापात्रा, भा.प्र.से., ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण किया ।